महत्वपूर्ण एवं खास

चिटफंड मामले में पूर्व सीएम पुत्र अभिषेक सिंह पर दर्ज होगा अपराध

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के पुत्र व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह अनमोल चिटफंड मामले में बुरी तरह से फंस गए हैं, हाईकोर्ट ने इस मामले से जुड़े 5 प्रकरणों में प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप दिया है। अनमोल चिटफंड मामले में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह बुरी तरह से फंस गए हैं। जुलाई माह में इस प्रकरण की सुनवाई थी। इस मामले से जुड़े निवेशकों ने रायगढ़, बालोद सहित अन्य जगहों पर शिकायत दर्ज करानी चाही थी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। इसके बाद पीड़ित निवेशकों ने एकजुट होकर हाईकोर्ट मेंम याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई की गई और अब हाईकोर्ट ने 5 मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं राजनांदगांव के प्रेमलाल देवांगन की शिकायत पर सनसाइन चिटफंड कंपनी के मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

हाइवा ने कार को मारी टक्कर,एक कि मौत

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के लोहर्षी गाँव में अवैध रेत परिवहन करते हाइवा ने आज सुबह एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार 3 गंभीर घायलों को तत्काल डायल 112 के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वही 1 व्यक्ति डायल 112 के द्वार मृत समझ कर कार में ही छोड़ा दिया गया था। जिसे शिवरीनारायण से पहुंची पुलिस टीम ने इलाज के लिए निजी वाहन से अस्पताल ले पहुंचाया। इस हादसे में कार सवार वाहन मालिक प्रमोद केसरवानी का मौत हो गई है।

तालाब में डूबकर महिला की बनी जल समाधि

जगदलपुर (आरएनएस)। परपा थाना क्षेत्र के कंगोली में सुबह तालाब में डूबने की वजह से एक महिला की मौत हो गई है। महिला घर से तालाब जाने के लिए निकली थी लेकिन सुबह उसका शव तालाब में तैरता हुआ मिला। मिली जानकारी के अनुसार कंगोली निवासी चैती कश्यप नामक महिला अपने घर से तालाब जाने के लिए निकली थी। देर रात को जब महिला घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन रात में उसका पता नहीं लगा। अलसुबह गांव के ही एक व्यक्ति ने तालाब में तैरते हुए एक महिला की लाश देखा। इसके बाद व्यक्ति ने उक्त महिला को चैती कश्यप के रूप में पहचान लिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला की लाश को तालाब के पानी से बाहर निकाला। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विचेना कर रही है। वहीं शव पंचनामा एवं पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

छात्र की जगह युवक दे रहा था पूरक परीक्षा, गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पूरक आए एक छात्र के स्थान पर एक युवक द्वारा परीक्षा दी जा रही थी। पर्यवेक्षक ने उसे पकड़कर केन्द्राध्यक्ष और फिर पुलिस के हवाले किया। करतला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार कुर्रे ने बताया कि ग्राम बोतली निवासी 15 वर्षीय छात्र जो 10वीं की परीक्षा में पूरक आया है, आज सामान्य अंग्रेजी विषय में पूरक की परीक्षा उसके स्थान पर युवक जवाहरलाल सोनी 27 वर्ष दे रहा था। करतला स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र में छात्र का प्रवेश पत्र लेकर जवाहरलाल पहुंचा और परीक्षा में बैठा था। इस दौरान पर्यवेक्षक ने प्रवेश पत्र की जांच के दौरान संदेह होना पाया। प्रवेश पत्र की फोटो खुरची हुई थी जिस पर संदेह गहराया।

फटकार से क्षुब्ध 3 सहेलियों ने किया विषपान, दो गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। बिना अनुमति शादी समारोह में जाने पर फटकार लगाने से क्षुब्ध होकर तीन सहेलियों ने एक साथ जहर सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में भर्ती दो सहेलियों की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना अंतर्गत ग्राम नोनदरहा निवासी दो बालिग तथा एक नाबालिग सहेली ने जान देने की गरज से विषपान कर लिया। विषपान का कारण परिजनों की फटकार को बताया गया है। गांव में ही एक युवती की शादी हो रही थी जिसमें शामिल होने तीनों सहेलियां गई थी। रात्रि लगभग 8 बजे तक तीनों घर नहीं लौटी तो परिजन विवाह स्थल पर पहुंचे और उन्हें फटकार लगाई। फटकार इतनी नागवार गुजरी की तीनों ने एक साथ जान देने का प्रयास किया।

मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर, 4 और मारे जाने के प्रमाण मिले

मौके से वर्दीधारी महिला नक्सली समेत एक इंसास रायफल बरामद

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में एक महिला वर्दीधारी नक्सली मारी गयी, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। मौके से पुलिस ने इंसास रायफल समेत दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की हैं। पुलिस ने और भी नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने का दावा किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिंतागुफा थाने से संयुक्त पुलिस बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम डब्बाकोंटा के समीप जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए।

वारदात की पुष्टि करते हुए बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, खून के धब्बे एवं घसीटे जाने के निशान से यह साबित होता है कि कम से कम 3-4 नक्सली मारे गए हैं और कई लहुलूहान हुए हैं, साथियों के शव नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।

घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान एक वर्दीधारी महिला नक्सली का शव बरामद किया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। मौके से एक इंसास रायफल, बैनर, पोस्टर, दवाईयां, गोला-बारूद, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य का जखीरा बरामद किया गया है।

नक्सली प्रेशर बम विस्फोट में ग्रामीणों से भरी पीकप पलटी, 4 घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से बिछाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से ग्रामीणों से भरी पिकअप पलट गई, जिससे उसमें सवार चार ग्रामीण घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक जवानों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने चिकपाल, मुरजुम के बीच प्रेशर आईईडी लगा रखी थी। इसी आईईडी की चपेट में पिकअप आ गई और पलट गई। बताया जा रहा है कि वाहन का चक्का प्रेशर बम के ऊपर आया और विस्फोट हो गया। हालांकि इससे सवार ग्रामीणों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन वाहन पलट गई। इससे सवार ग्रामीणों में चार लोगों को चोटें आई हैं। धमाके की आवाज आसपास के गांव में भी सुनी गयी। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने विस्फोट की पुष्टि करते बताया कि सूचना के बाद पुलिस पार्टी मौके के लिए रवाना कर दी गयी है। एसपी के अनुसार एक दिन पहले डीआरजी की टीम इलाके में सर्चिंग पर निकली थी। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने डीआरजी टीम को नुकसान पहुंचाने के लिए बम लगाया होगा, क्योंकि पिछले दिनों डीआरजी की टीम ने ऑपरेशन के दौरान बाइक, पिकअप वाहनों का उपयोग किया था।

1090 भवनों के नक्शे पास हुए, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने 112 भवनों में

» वाटर हार्वेस्टिंग के लिए शहर में आठ एजेंसियां सक्रिय

जगदलपुर (आरएनएस)। वर्षाकाल में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए इस समय शहर में 112 भवनों में आठ एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। निगम के पास 1090 मकान पंजीकृत हुये हैं। जिनमें वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना है। धीरे-धीरे सभी मकानों में यह सिस्टम स्थापित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए एनआर चंद्राकर आयुक्त नगर निगम ने बताया कि पंजीकृत मकानों में हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए कोई तय समय सीमा निर्धारित नहीं है।

इस संबंध में यह विशेष तथ्य है कि निगम ने निर्मित होने वाले मकानों के नक्शा पास कराते समय जनता से सुरक्षा निधी के तौर पर 55 रूपए प्रति वर्ग फीट के अनुसार राशि ली जाती है। ऐसे 1090 मकान अभी तक पंजीकृत हुये हैं।

बोरा बंद लाश की गुत्थी सुलझी, पत्नी ने कराई थी हत्या

कोरबा (आरएनएस)। एक सब्जी विक्रेता की हाथ-पैर बंधे हालत में बोरा में बंद मिली लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। उसकी हत्या पत्नी ने ही अपने पूर्व पति के साथ मिलकर की थी।

याद रहे 7 जुलाई की दोपहर कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खोडरी निवासी एवं सब्जी विक्रेता शिवबालक श्रीवास 44 वर्ष की बोरे में बंद लाश मिली थी। दोपहर के वक्त बनवार पुल के पास खेल रहे बच्चों ने एक बोरा देखा था जिसमें से दुर्गंध आ रही थी। बात फैलने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बोरे से निकलवाया। इस मामले में मृतक की पत्नी कमला बाई श्रीवास ने कटघोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति की सुबह 8 बजे 40 हजार रुपए लेकर छोटा हाथी से कटघोरा गया था। वहां थोक सब्जी विक्रेता राजेन्द्र पटेल से खरीदारी कर ग्राम मातिन के लोडीबहरा में बाजार करने जाने की बात कहा था। इसके बाद कमला ने अपने पति के बारे में राजेन्द्र पटेल से मोबाइल पर जानकारी ली थी। खरीदारी के बाद शिवबालक के बाजार की ओर जाने की बात राजेन्द्र ने सुबह 9 बजे कमला

को बताई। इसके बाद कमला का मोबाइल डिस्चार्ज हो जाने से वह बात नहीं कर सकी। रात करीब 11 बजे तक पति के इंतजार के बाद वह सो गई और कल सुबह जब 5 बजे घर से बाहर निकली तो उसका सब्जी लदा छोटा हाथी वाहन बाहर खड़ा था, लेकिन पति घर नहीं लौटा था। फोन लगाने पर उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद दोपहर 2 बजे शिवबालक की लाश बनवार नाला पुल के नीचे मिली। मामले में हत्या व साक्ष्य छिपाने के अपराध में धारा 302, 201 भादवि का जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान कई तथ्य सामने आने पर इन्हें पिरोते हुए तत्पर कार्रवाई कर मृतक की पत्नी से पूछताछ की गई जिसमें वह टूट गई और पूर्व पति व अन्य के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करना बताया है।

डीजीपी 6 पुलिस कर्मियों के मेधावी बच्चों को करेंगे सम्मानित

कोरबा (आरएनएस)। डीजीपी डीएम अवस्थी कोरबा जिले के शुभम् राठौर समेत 6 मेधावी छात्रों को पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के स्मान योजना के तहत 11 जुलाई को पुलिस मुख्यालय रायपुर अटल नगर में दोपहर 12 बजे स्मानित करेंगे। इस अभियान में पूरे प्रदेश भर के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के मेधावी छात्र-छात्राओं के अलावा उनके पालक भी शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अवस्थी द्वारा पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के वर्ष 2019 में उच्च शिक्षण संस्थानों में चयनित 12वीं में 80 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राह्श्वत करने वाले बच्चों को स्मानित करने हेतु 11 जुलाई को पुलिस मुख्यालय अटल नगर रायपुर में स्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस संबंध में डीजीपी कार्यालय द्वारा प्रदेश के समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों एवं प्रथम वाहिनी भिलाई, पांचवी वाहिनी जगदलपुर, सातवीं वाहिनी भिलाई, आठवीं वाहिनी राजनांदगांव, 15वीं वाहिनी बीजापुर, वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर के अधिकारियों को भी प्रपत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डीजीपी मुख्यालय द्वारा उन मेधावी छात्र-छात्राओं का स्मान किया जाना हैं जिन्होंने वर्ष 2019 में आईआईटी, एनआईटी, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं नीट एवं एस में चयन हुआ है। इसके अलावा इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में जिन बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया है उनकी भी सूची मुख्यालय को भेजने का आदेश जारी किया गया था। इसी तारत्य में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा कोरबा जिले के 6 मेधावी छात्र-छात्राओं का नाम स्मान समारोह में शामिल होने के लिए सूची बनाकर प्रेषित किया गया है।

पुलिस,नक्सली मुठभेड़ में मृत नक्सली मुन्नी उर्फ रश्मि के शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया

धमतरी (आरएनएस)। पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मृत नक्सली मुन्नी उर्फ रश्मि उर्फ कमला भोगाम उर्फ कमली स्व.आयुत भोगाम उम्र 28 वर्ष साकिन ग्राम-भोगमगुडा, स्कूलपारा थाना- बीजापुर के शव को आज दिनांक को मृतिका के परिजन जिसमें तीन भाई बहन थे मुन्नी उर्फ कमला बड़ी थी ,बाद एक भाई सुरेश भोगाम,एक छोटी बहन रेशमा भोगाम ।

उनके पिता का निधन 2008 में एवं माँ का निधन 2014 में हो गया था।परिजनों से पूछने पर बताया कि घर से 2007 में सलवा जुडूम के समय इसकी बहन मुन्नी उर्फ कमला को थाना लेकर गये थे ,गांव में घटना के संबंध में पुछताछ करने हेतु लाये थे।फिर बाद तकरीबन दो साल बाद में पता चला कि वो नक्सली संगठन में चली गई। मुन्नी उर्फ कमला कक्षा पांचवीं तक पढ़ी लिखी थी ,वह गांव से अकेली ही नक्सली महिला में गई हुई थी।

इलाहाबाद बैंक में लगी आग, दस्तावेज जलकर खाक

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर से पर स्थित ग्राम नियानार के इलाहाबाद बैंक में मंगलवार की सुबह चोरों ने आग लगा दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पा लिया है। आगजनी में बैंक के महत्वपूर्ण कागजात जलकर खाक हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नियानार के इलाहाबाद बैंक में सुबह 9-30 बजे करीब अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। अज्ञात चोरों ने बैंक में बनी पीछे के खिड़की से अंदर प्रवेश किया। चोरों ने बैंक के लॉकर को तोड़ना चाहा। लॉकर नहीं टूटने से चोर बैंक में रखे कागजातों में आग लगाकर फरार हो गए। बैंक का समय नहीं होने की वजह से बैंक नहीं खुला था। आसपास के लोगों ने जब बैंक के अंदर से धुआं निकलते देखा तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने कुछ ही मिनटों के अंदर मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पा लिया है।

ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत

» ओवरटेक करना पड़ा महंगा

अम्बिकापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बीती रात करीब साढ़े दस बजे बस से ओव्हरटेक कर आगे बढ़े मोटरसायकल सवार को तेज रफ़्तार से आ रही ट्रक ने पीछे से ज़बर्दस्त ठोकर मारी जिससे मौक़े पर ही मोटरसायकल पर सवार तीन की मौत हो गई।

जिसके बाद तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित ट्रक ने बस को भी क्षतिग्रस्त किया। दर्दनाक हादसे के बाद युवक की मौके पर मौत हो गई ,मोटर सायकल पर सवार महिला और बच्चे की भी मौक़े पर ही मौत हो गई।

अनियंत्रित ट्रक में हादसे के बाद चालक और परिचालक फँस गए थे, जिन्हे काफी मशक़्क़त के बाद ट्रक से बाहर निकाला जा सका है।

हादसे मे मोटरसायकल पूरी तरह चकनाचूर हो चुकी है। मृतकों की पहचान को लेकर भी लगातार मशक़्क़त करनी पड़ी। सुबह करीब तीन बजे यह स्पष्ट हुआ कि मारे गए तीनों पति पत्नी और बच्चा हैं। मिली जानकारी के अनुसार तारकेश्वरपुर निवासी 38 वर्षीय प्रवीण अपनी पत्नी सरोज 30 वर्ष,पुत्र अतुल 2 वर्ष ग्राम शिवनगर आया था जहाँ उसने अपने बड़े लड़के का दाखिला कराया, उसके बात जबकि वह लौट रहा था, यह हादसा हो गया।

डायबीटीज से लेकर कैंसर से बचाव में मददगार है जामुन

जिस तरह चिलचिलाती गर्मी में आम खाने का अलग ही स्वाद और मजा होता है, ठीक उसी तरह बरसात में जामुन खाने का। जामुन तो लगभग सभी लोग खाते होंगे, लेकिन इसके गुणों और फायदों के बारे में शायद सभी को पूरी जानकारी नहीं होगी। आज हम आपको जामुन और इसकी गुठली के बेजोड़ फायदों के बारे में बताएंगे। लेकिन पहले ये जान लें कि जामुन को दुनियाभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे कि जम्बुल, ब्लैक प्लम, जावा प्लम या फिर जैम्बलैंग। डायबीटीज के मरीजों के लिए जामुन के साथ-साथ उसकी गुठली एक बेहतरीन औषधि है। मरीज रोजाना जामुन खाने के अलावा उसकी गुठली के चूर्ण का सेवन भी कर सकते हैं। इसके लिए जामुन की गुठली को सुखाकर पीस लें और उस चूर्ण को रोजाना एक गिलास पानी के साथ लें। जामुन में भरपूर मात्रा में आयरन होता है जो खून को साफ करने और बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह डायरिया, अपचन जैसी पेट संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने में भी मदद करता है। आपको शायद यकीन न हो लेकिन जामुन बढ़ते वजन से परेशान लोगों के लिए बेहद

फायदेमंद है। चूंकि इसमें काफी कम कैलरी होती हैं इसलिए यह वजन कम करने में भी सहायक है। जामुन को कैंसर के इलाज में भी कारगर माना गया है। साल 2005 में आयी एक स्टडी में दावा किया गया था कि जामुन में कैंसर प्रतिरोधी और कीमोप्रिवेंटिव तत्व होते हैं जो शरीर से फ्री रैडिकल्स को निकालने में मदद करते हैं।

पूल साइड रिलैक्स करती दिखीं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों छुट्टियों पर हैं. फुरसत के पलों में प्रियंका चोपड़ा आराम से पूल साइड रिलैक्स कर रही हैं. लेकिन उनकी तस्वीरें ऐसी हैं कि जो इन्हें देखेगा वो रिलैक्स करना भूल जाएगा. अब क्या ही कहें प्रियंका का स्टाइल ही ऐसा है. प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर कीं. इनमें प्रियंका पूल साइड चिल करती नजर आ रही हैं. प्रियंका ने जिस अंदाज में ये तस्वीरें खिंचवाई हैं. वह किसी को भी मात दे सकती हैं. स्टाइल के मामले में तो उनका गेम अब एक लेवल ऊपर ही चलता है.

इन पूल साइड पिक्स को शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, छुट्टियों का बेस्ट इस्तेमाल कि पति आपकी तस्वीरें क्लिक करे. प्रियंका की ये पोस्ट इस कदर वायरल हो रही है कि फैन्स को तो छोड़िए देसी गर्ल का अंदाज देखकर बॉलीवुड हसीनाएं भी फिदा हो रही हैं. ईशा गुप्ता जो कि खुद अपनी हॉट तस्वीरों के लिए मशहूर हैं. उन्होंने प्रियंका की फोटो पर फायर स्टीकर बनाया. प्रियंका चोपड़ा के एक फैनपेज ने लिखा, थैंक्यू मिस्टर जोनास.

पौने तीन साल की बेटी है, शादी जब चाहूंगी कर लूंगी:माही गिल

देव डी, गुलाल, साहब बीवी गैंगस्टर और दबंग जैसी सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्मों में अपने बेहतरीन ऐक्टिंग से दर्शकों के बीच एक अलग और शानदार जगह बनाने वाली अभिनेत्री माही गिल इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के प्रमोशन में जुटी हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़ा बड़ा खुलासा किया और बताया कि उनकी पौने तीन साल की एक बेटी भी है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रहती हैं और निकट भविष्य में शादी भी कर सकती हैं।

माही ने बताया करीब तीन साल पहले उन्होंने अपनी बेटी

को जन्म दिया था और इस बात को कभी भी छिपाने की कोशिश भी नहीं की। माही कहती हैं, मुझे कभी भी किसी मीडिया वाले ने सवाल ही नहीं किया। न किसी ने पूछा, न मैंने बताया। आज पहली बार आपने बात की तो मैंने बता दिया। मुझे बहुत गर्व है कि मैं एक बेटी की मां हूं। हां, मैंने अब तक शादी नहीं की है, जब लगेगा कि शादी करना है तो कर लूंगी। इस साल अगस्त में मेरी बेटी 3 साल की हो जाएगी। शादी को लेकर शुरू हुए एक सवाल पर माही ने जब अपनी बात कहना शुरू किया तो खुद ही बताने लगीं।

क्या करना है शादी करके। क्या जरूरत है शादी की। ऐसे खुश हैं न। मुझे लगता है बिना शादी के रहा जा सकता है। यह सब अपनी-अपनी सोच और समय पर निर्भर है। बिना शादी के फैमिली भी बनाई जा सकती है और बच्चे भी किए जा सकते हैं। यह सबकी अपनी पर्सनल सोच हो सकती है। शादी के बिना बच्चों के होने में कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए, मुझे नहीं लगता इसमें कोई समस्या है।